हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 धान खरीद सीजन की तैयारियों का प्रशासनिक...


11 ड्राइंग प्रतियोगिता में रिया ने पाया पहला स्थान

## खबर संक्षेप

### पराली के अवशेष जलाने पर दस हजार जुर्माना ठोका

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती खेत में पराली के अवशेष जलाने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक के खिलाफ एन्वायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत को दर्ज किया है। साथ दस हजार जुर्माना लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृषि विभाग द्वारा गठित कमेटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पराली अवशेष जलाने पर कानून रोक लगाई हुई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**कैथल।** रेलवे स्टेशन के पास कुतुबपुर फाटक के पास बुधवार रात के समय ट्रेन की चपेट में आने से मानसिक रूप से परेशान 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पहचान शहर के शक्ति नगर निवासी फूलवती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### बिजली निगम स्टोर से स्क्रेप चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** बिजली निगम स्टोर से कॉपर, एल्यूमीनियम स्क्रेप तथा अन्य सामान के गायब होने ने शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने निगम के स्टोर से तीस किलोग्राम कॉपर स्क्रेप, 20 किलोग्राम एल्यूमिनियम स्क्रेप, एक क्विंटल ब्रास स्क्रेप, समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार की जान गई

**कैथल।** गांव सोलू माजरा गांव में कार व बाइक की टक्कर में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ढांड थाना पुलिस को दी गई शिकायत में कुरुक्षेत्र के गांव किरमिच के सुरेंद्र ने बताया कि बुधवार रात के समय उसके ससुर गुरनाम सिंह बाइक से सवार होकर किसी काम से कैथल-कुरुक्षेत्र रोड पर जा रहे थे। जब वे गांव सोलू माजरा के पास पहुंचे तो अज्ञात कार ड्राइवर ने तेजगति व से वाहन चलाते टक्कर मार दी।

### मकान का टूटा ताला नकदी व सामान चोरी

**जींद।** ईगराह में बीती रात चोरों ने घर का ताला तोड कर दस हजार की नकदी व सिलेंडर चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। ईगराह निवासी मनजीत ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान से दस हजार रुपये की नगदी, गैस सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### थेह बुटाना में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव थेह बुटाना में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस संबंध में गांव थेह बुटाना के सुखचैन सिंह ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को गांव के ही सोनू, पप्पू, अमृत, कुलदीप, सुमित और रहमत ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### पंप हाउस की बिजली मोटरों से केबल चोरी

**जींद।** गावं गुरथली के निकट सिरसा ब्रांच नहर पर पंप हाउस से बीती रात चोरों ने सात बिजली मोटर के अलावा चार सौ मीटर केबल को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। सुलतान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव गुरथली के निकट पंप हाउस लगाया हुआ है।

### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला थाना पुलिस ने बाइक चोरी मामले में दो आरोपी काबू किए हैं। मामले में थाना गुहला के एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम ने चाणचक निवासी मिथुन व सूखा को गिरफ्तार किया। गुहला एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि कल्लरमाजरा निवासी जयपाल ने शिकायत दी है।

---

कार्यक्रम में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे बतौर मुख्यअतिथि

# धूं-धूं कर जला बुराई का प्रतीक रावण, विजय दशमी का त्योहार श्रद्धा व धूमधाम से मनाया

शहर में कई जगह पर मेलों का आयोजन किया

### सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद, जगह-जगह की नाकाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में गुरूवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। अधर्म पर धर्म तथा बुराई पर अच्छाई के प्रतीक विजय दशमी पर्व पर रेलवे जंक्शन स्थित स्कूल मैदान व अर्जुन स्टेडियम में रावण, कुंभकरण तथा मेघनाथ के पुतले फूंके गए। इस मौके पर शहर में कई जगहों पर मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने जमकर खरीददारी की। अर्जुन स्टेडियम में रावण दहन के चलते देर शाम वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

विजय दशमी पर्व पर मंदिरों में भी विशेष पूजा तथा यज्ञ का आयोजन किया गया। रेलवे जंक्शन स्कूल ग्राउंड के आसपास छोटे-छोटे झूले लगाए गए थे। बच्चों ने तीर कमान, तलवार खरीदे। वहीं राम, हनुमान के मुखौटे भी बच्चों में आकषर्ण का केंद्र रहे। ज्यों-ज्यों शाम नजदीक आती गई वैसे-वैसे अर्जुन स्टेडियम तथा रेलवे ग्राऊंड में भीड़ बढ़ती गई। दशहरा पर्व को लेकर शाम को शोभायात्रा निकाली गई। राम, लक्ष्मण, हनुमान की आर्कषक झांकियां बनाई गई थी। अर्जुन स्टेडियम में किले वाली श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले जलाए गए। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा शामिल हुए। उधर, रेलवे रामलीला क्लब की ओर से रेलवे जंक्शन स्कूल ग्राउंड में रावण दहन किया गया।


जींद। धूं-धूं कर जलते हुए पुतले। फोटो : हरिभूमि


जींद। अर्जुन स्टेडियम में रावण के पुतले पर तीर चलाते राम व लक्ष्मण।

### रावण दहन से पहले श्रद्धालुओं की पूजा

रावण का पुतला दहन से पूर्व लोगों ने रावण की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। अंत समय में रावण द्वारा लक्ष्मण को दिया गया ज्ञान ने भी लोगों को नसीहत दी। पुतला दहन के बाद लोग रावण के पुतले की लकडि़यों को अपने घर उठा कर ले गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि दशहरे पर रावण दहन की राख या लकड़ी घर लाना भी बहुत उत्तम माना जाता है। रावण के पुतले का दहन होने के बाद उसकी छोटी सी लकड़ी या राख लाकर लाल कपड़े में बांधे और उसे मुख्य द्वार पर बांध दे। ऐसा कहते हैं कि यह उपाय करने से नकारात्मक शक्तियां घर से कोसों दूर रहती हैं। इसके अलावा कई लोग भूत-प्रेत बाधा दूर करने के लिए उसका टीका लगता है। किसी को नजर लग जाए, उसके भी काम आती है। साफ शब्दों में कहें तो रावण की जली हुई लकड़ियां तंत्र क्रिया के काम आती हैं।

### जींद में तीन जगह दहन

जींद शहर में दशहरा पर्व पर गुरूवार को अर्जुन स्टेडियम और जींद रेलवे जंक्शन ग्राउंड तथा गीता कालोनी में रावण के कुनबे का दहन किया गया। रेलवे जंक्शन पर रेलवे रामलीला क्लब द्वारा बनवाए गए रावण के पुतले की ऊंचाई 45 फूट रही तो वहीं सनातन धर्म रामलीला क्लब द्वारा तैयार किए गए रावण के पुतले की ऊंचाई 50 फूट तथा कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले की हाइट 45 तथा 45 फूट रखी गई है। खास बात यह है कि इस बार रावण की आंखों से लाइट जलती नजर आई।

### रावण वध से पहले खूब आतिशबाजी

रावण के वध पर जम कर आतिशबाजी की गई। जिसका दर्शकों ने आनंद उठाया। श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला क्लब द्वारा अर्जुन स्टेडियम तक शोभा यात्रा निकाली गई। विजय दशमी के अवसर पर पूरे दिन बाजारों में चहल-पहल रही। पुलिस द्वारा दोनों ही जगह लोगों की भीड़ को देखते हुए बेरिकेटिंग की हुई थी। चौराहों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

### दशहरा पर्व को लेकर बाजार में रही भीड़, जमकर खरीदारी की

दशहरा पर्व को लेकर बाजार में भीड़ भाड़ रही। लोगों ने जमकर खरीददारी की। शहर के सभी मुख्य मार्गो पर मिठाईयों की दुकान सजी हुई थी। लोगों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। सावर्जनिक स्थानों पर मोर्चा बंदी की गई थी।

## दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक

### विजयदशमी के अवसर पर समाज में फैली बुराइयों का करें अंत : सांसद नवीन जिंदल | हमेशा होती रहेगी बुराई पर अच्छाई की जीत रामलीला मैदान में कार्यक्रम में की शिरकत

**कैथल।** दशहरे का पर्व जिले के रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति कैथल द्वारा चंदाना गेट स्थित श्री रामलीला उत्सव स्थल कैथल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद नवीन जिंदल थे तथा हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, नगर परिषद् चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समिति के प्रधान संदीप , महासचिव शशी सैनी व सलाहकार गोपाल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्रीराम श्याम ड्रामाटिक क्लब के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन भी किया गया। सांसद नवीन जिंदल व अन्य अतिथियों ने विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी कहा कि हमें हमारे व्यक्तित्व में छिपी बुराइयों को ढूंढ़कर उन्हें समाप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। समिति के प्रधान संदीप ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सायं के समय कार्यक्रम स्थल पर रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का विधि-विधान पूर्वक दहन किया गया। जैसा ही पुतलों का दहन प्रारंभ हुआ, तो श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के उद्घोषों से वातावरण को श्रीराममय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में 61 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। डा. वरूण जैन, गोपाल सैनी, रजत थरेजा, प्रवीण प्रजापति, अभिषेक, संकल्प खुराना, प्रवीण व सुरेश सैनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


कैथल। रामलीला मैदान में दशहरा पर्व पर पहुंचे सांसद नवीन जिंदल, ज्योति सैनी, कैलाश भगत, डा. वरूण जैन। फोटो : हरिभूमि

### सीवन में 65 फूट का रावण जलाया



**सीवन।** दशहरा पर्व इस बार भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा मैदान में श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की ओर से 65 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए नगर व आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों, जयकारों और आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बूटा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्षा हेमलता सैनी, समाज सेवी संदीप सैनी व नगर पालिका पार्षदों ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूर्व विधायक बूटा सिंह और नगर पालिका अध्यक्षा हेमलता सैनी ने कहा कि दशहरा पर्व हमें यह सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, सत्य और धर्म के सामने उसका अंत निश्चित है।

### बुराई मिटाने के लिए अपने अंदर के अहंकार को करें समाप्त : सुभाष



**गुहला चीका।** श्री भवानी मंदिर, चीका के प्रांगण में आदर्श नाटक क्लब द्वारा आयोजित भव्य दशहरा मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी सुभाष जिंदल और कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा चेयरपर्सन रेखा रानी ने की।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में सुभाष जिंदल ने कहा, विजयादशमी असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है, लेकिन यदि हम वास्तव में समाज से बुराई मिटाना चाहते हैं तो हमें अपने अंदर के रावण यानी अहंकार को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि हर साल रावण का पुतला फूंकते हैं लेकिन बुराइयां घटने की बजाय बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि हमने अपने भीतर झांकना छोड़ दिया है।

---

### ट्रेडिंग के नाम पर रुपये हड़पने का आरोपी दबोचा

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने ट्रेडिंग में मुनाफा का झांसा देकर 8.90 लाख हड़पने के चौथे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर पांच हजार रुपये की राशि बरामद की है। दबलैन निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह व्हाट्सएप के माध्यम एक टेलीग्राम गुरप से जुड़ा था। जिसमें ट्रेडिंग में निवेश पर अच्छा मुनाफा दिखाया था। एक युवती ने खुद का एक्सपर्ट बताया था। जिसके बाद उसने निवेश किया तो आरोपितों ने उसके साथ धोखाधड़ी कर 8.90 लाख रुपये की राशि को हड़प लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते कुणाल खेडा, पवन, शबनीत को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में पटियाला निवासी गुरजीत का नाम सामने आया। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपित गुरजीत को गिरफ्तार कर लिया।

विवि का भेजा ऑफर लेटर फर्जी

## आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर साढ़े 11 लाख रुपये हड़पे

- दो के खिलाफ केस , आरोपित कार्यालय को ताला लगा फरार

**जींद।** स्टडी वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर साढ़े 11 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आस्ट्रेलिया विवि के नाम से भेजे गए ऑफर लेटर भी फर्जी पाए गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरीगढ़ निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग एक साल पहले उसके बेटे आशू की इस्टांग्राम पर पटियाला में निजी इमीग्रेशन कार्यालय चलाने वाली जसप्रीत कौर तथा प्रभजोत से हुई। जिसके बाद वह अपने बेटे के साथ पटियाला उनके कार्यालय में जाकर मिला। दोनों आरोपितों ने बताया कि वे अस्ट्रेलिया स्टडी वीजा के लिए तेज प्रकिया से काम करते हैं। जिसकी एवज में आरोपितों ने साढ़े 11 लाख उनसे ले लिए। आरोपितों को दस्तावेज भी दे दिए गए। जिसके बाद आरोपितों ने उन्हें आस्ट्रेलिया विवि का ऑफर लेटर जारी कर दिया था।

**केस दर्ज**

सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी दिलबाग ने बताया कि स्टडी वीजा पर विदेश भेजने तथा फर्जी दस्तावेज देकर राशि हडपने की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संपति हड़पने के मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना शहर पुलिस ने सूदखोरी, धोखाधड़ी और दबाव डालकर संपती हड़पने के मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार किया है। अब पुलि ने देबवन के विकास को गिरफ्तार किया है। डीएसपी बीरभान ने बताया कि कुलतारण निवासी गुरमीत ने शिकायत दी थी कि कुछ लोग मिलकर सूदखोरी का अवैध धंधा चला रहे हैं। यह लोग भोले-भाले और जरूरतमंद लोगों को अपने जाल में फंसाकर 10 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज पर रुपए उधार देते हैं और फिर दबाव डालकर उनकी संपती हड़प लेते हैं। शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने वादी और उसके भाई दीपक को अपने जाल में फंसा लिया। ब्याज वसूलने के नाम पर आरोपियों ने दो ट्रेक्टर, एक कंबाइन मशीन, खेती बाड़ी के उपकरण, जेवरात और यहां तक कि उनका मकान भी अपने नाम करवा लिया था।

पुलिस ने दो के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

## मुआना के युवक से स्टडी वीजा पर रूस बुलाने के नाम पर 8. 54 लाख रुपये हड़पे

रूस में वीजा व पासपोर्ट छीना, दूतावास के हस्तक्षेप से वापस लौटा देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मुआना के युवक को दाखिले के नाम पर रशिया भेज कर आठ लाख 54 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। रशिया में पीड़ित का पासपोर्ट तथा वीजा भी छीन लिया गया। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप से युवक को दस्तावेज दिला कर वापस देश भेजा गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आरोपित ने फीस भरने के नाम 900 डॉलर लिए

गांव मुआना निवासी योगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ का बेटा जतिन लगभग एक साल पहले रशिया गया हुआ है। जतिन ने रूस में रह रहे फरीदाबाद निवासी रितिक को उसे रूस में काम दिलाने के लिए कहा। रितिक ने उसे स्टडी वीजा पर एक साल के लिए रूस बुलाने की बात कही। उसने फरीदाबाद निवासी महेश भागा से संपर्क करने के लिए कहा। उसने तीन लाख 20 हजार रुपये जतिन के खाते में भेज दिए। कुछ दिन के बाद उसका तीन माह का स्टडी वीजा रूस के लिए मिला। संपर्क साधने पर दोनों आरोपित ने वीजा आगे बढ़वाने की बात कही। गत 28 अप्रैल को उसने तीन लाख रुपये महेश भागा को दिए। जब वह रूस में बताए गए कालेज में पहुंचा तो कर्मियों ने फीस न भरे होने की बात कहते हुए उसका पासपोर्ट तथा वीजा अपने कब्जे में ले लिया। आरोपित रितिक ने कालेज फीस भरने के नाम उसके भाई जतिन से 900 अमेरिकन डॉलर ले लिए। बावजूद इाके आरोपित रितिक रुपये लेकर दूसरे शहर भाग गया। जिसके बाद दोनों आरोपितों ने फोन भी उठाना बंद कर दिया। तब दोनों आरोपित उससे आठ लाख 54 हजार रुपये हडप चुके थे। आरोपितों ने न तो उसकी कालेज में फीस भरी और न ही उसका वीजा की अवधी को आगे बढवाया।

**जांच जारी**

सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी जयबीर ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर राशि हडपने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

---

सरकारी एजेंसियों द्वारा धान की खरीद नहीं

## किसानों की समस्याओं को लेकर सचिव को सौंपा ज्ञापन

- धान को भरने के लिए बारदाना भी नही आया

**अलेवा।** अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी के सचिव करतार गोहियां के नेतृत्व में किसानों ने वीरवार को अलेवा मार्केट कमेटी कार्यालय सचिव को किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। सचिव को सीएम के नाम सौंपें ज्ञापन में आखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से मंडी में धान की पीआर किस्म की फसल बचने आए हैं, लेकिन अब तक सरकारी एजेंसियों द्वारा मात्र चार हजार एक सौ क्विंटल धान की खरीद की गई है। इसके साथ ही फिलहाल भी मंडी में खरीद जाने वाली धान को भरने के लिए बारदाना भी नही आया है। कहा कि गेहूं की बिजाई की जल्दी में किसान पराली जलाने को मजबूर होते है। पराली जलाने के मामले में सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ केस दर्ज कराए जाते है।


अलेवा मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन देते अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

योजना | प्रदेशभर से 26 हजार 658 आवेदन आए, जींद से 1191 छात्रों ने किया आवेदन

## इंस्पायर मानक आवार्ड योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन के लिए समय पूरा

वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्षित करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंस्पायर मानक आवार्ड योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन का समय पूरा हो चुका है। योजना के तहत प्रदेशभर से जहां 26 हजार 658 आवेदन आए हैं। जिसमें से जींद जिले से 1191 आवेदन शामिल रहे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी। जिसे बाद में 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया था। इंस्पायर अवॉर्ड मानक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों में छोटी आयु में ही विज्ञान की पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना व वैज्ञानिक अनुसंधान को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित व आकर्षित करना है। कार्यक्रम के तहत कक्षा छठी से 12वीं के मेधावी विद्यार्थी, जिनके आइडिया चयनित होते हैं उनको दस हजार रुपये की अवार्ड राशि प्रदान की जाती है। इस राशि का उपयोग विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान का एक प्रोजेक्ट या माडल बनाने व उसे जिला स्तरीय प्रदर्शनी व प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचने के लिए किया जाता है। इसके तहत अवार्ड विजेता विद्यार्थी जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेता है। इस बार विभाग ने कक्षा 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों से भी आइडिया मांगे थे। जबकि पहले कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते थे।

### विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने का प्रयास



जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि विज्ञान विषय के प्रति विद्यार्थियों में रुचि पैदा करने के लिए इंस्पायर अवार्ड योजना एक अच्छा माध्यम है। इसके तहत विद्यार्थी नवविचारों को प्रकट कर सकते हैं। योजना के तहत छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के आवेदन 30 सितंबर तक मांगे गए थे। जींद जिले से 1191 आवेन आ चुके हैं। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 15 सितंबर थी। जिसे बाद में 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया था। जिन विद्यार्थियों का आइडिया का चयन होगाए उन्हें विभाग की ओर से विज्ञान माडल बनाने के लिए दस हजार रुपये मिलेंगे।

### इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत प्रदेशभर से आए 26658 आवेदन

| जिले का नाम | आवेदनों की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| फतेहाबाद | 1279 | रेवाड़ी | 1084 |
| सिरसा | 1875 | जींद | 1191 |
| महेंद्रगढ़ | 1540 | गुरुग्राम | 1261 |
| कुरुक्षेत्र | 1598 | अंबाला | 1139 |
| फरीदाबाद | 1103 | पानीपत | 991 |
| चरखी दादरी | 843 | करनाल | 1303 |
| झज्जर | 1398 | सोनीपत | 1410 |
| कैथल | 1233 | पलवल | 1083 |
| पंचकूला | 632 | भिवानी | 924 |
| रोहतक | 1133 | नूंह | 1492 |
| हिसार | 1443 | यमुनानगर | 703 |
| | | कुल आवेदन | 26658 |

**विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर**

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत

रजनी अरोड़ा





बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें





1
दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।

2
गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3
रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।


- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

**ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।**

## लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता

डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा के तहत साफ-सफाई की

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने भगवानपुरा की सामान्य चौपाल में सेवा पखवाड़ा के तहत साफ-सफाई की। राणा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्म पर देशभर में सेवा पखवाड़ा अभियान शुरू हुआ था जो दो अक्टूबर तक चला। रक्तदान शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता सहित अनेकों सामाजिक कार्य किए गए। सेवाभाव से भरा ये पखवाड़ा रहा।

### श्याम एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन आज

**जींद।** श्री श्याम मंदिर बनखंड महादेव जींद में तीन अक्टूबर को श्री श्याम एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। साईं एसो के प्रधान सावर गर्ग ने बताया कि यह संकीर्तन दोपहर बाद चार बजे से शुरू होगा जो देर सायं तक चलेगा। संकीर्तन में भजन गायक नरेश भजनी जींद से, बब्बू चावला कुरुक्षेत्र से, विनोद सैनी जींद से, साहिल जींद से और रोहित राजपूत जींद से मधुर वाणी से भक्तों को प्रभु श्री श्याम के भजनों में रंग देंगे।

### जींदः ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में रसायन विभाग एवं साइंस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता विशेष रूप से स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 30 मिनट की अवधि में कुल 60 प्रश्न हल करने का अवसर मिला।

### खाते से एक लाख गायब धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** उपभोक्ता के बैंक खाते से एक लाख रुपये गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शांति नगर निवासी पंकज जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 सितंबर अल सुबह को उसके फोन पर बैंक के टोल फ्री नंबर से कॉल आई। जिसमें उसे बताया गया कि आपके बैंक खाते से राशि निकाली जा रही है।

### नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, केस

**जींद।** महिला को नौकरी दिलाने का झांसा दे होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने पर महिला थाना पुलिस एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसकी जान पहचान मुकेश पन्नू के साथ हुई थी।

### 70 हजार 9 मीट्रिक टन धान की खरीद : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गत दिवस तक जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 70 हजार 9 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल खरीद में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 37 हजार 592 एमटी, हैफेड द्वारा 18 हजार 112 एमटी तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 14 हजार 306 एमटी खरीदी गई है।

### गांव भालंग में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव भालंग में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। भालंग के सतीश ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही अंकित ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### डिपू धारक से प्राप्त करें सितंबर माह का राशन

**कैथल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि सितम्बर में जो लाभार्थी राशन प्राप्त से वंचित रह गए है, वे 8 अक्टूबर तक राशन प्राप्त कर सकते हैं। किसी लाभार्थी को राशन वितरण के सम्बन्ध में कोई शिकायत है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी निरीक्षक/उप-निरीक्षक को शिकायत दें।

### किसानों को मिलेगी हर सुविधा: रंजन

# धान खरीद सीजन की तैयारियों का प्रशासनिक सचिव ने लिया जायजा

### बारदाना उपलब्धता, गेट पास और भुगतान की प्रक्रिया हो सुनिश्चित

**किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीद कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से श्रम विभाग के प्रधान सचिव एवं जिला जींद के प्रशासनिक सचिव राजीव रंजन ने गुरूवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली और तत्पश्चात मंडियों का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंडियों में आने वाली फसल का समय पर तौल, बारदाना उपलब्धता, गेट पास और भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। भुगतान अधिकतम 48 घंटे के भीतर किसानों के खातों में पहुंचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडियों में पड़े धान का नमी स्तर मॉश्चर मीटर से स्वयं चेक कराया और निर्देश दिए कि नमीयुक्त धान को धूप में फैला कर सुखाया जाए ताकि समय पर उठान संभव हो सके। उन्होंने संभावित बारिश से निपटने हेतु समुचित ड्रेनेज एवं बचाव प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में सफाई, पेयजल, बिजली, सीसीटीवी निगरानी एवं इंटरनेट सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहे। साथ ही धान की आवक का विवरण रजिस्टर में दर्ज करते समय किसानों का नाम व धान की किस्म स्पष्ट रूप से लिखी जाए। प्रशासनिक सचिव ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसानों की फसल खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा।





जींद। मंडी में फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान मॉश्चर जांचते हुए श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंडियों में तौल व भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, मार्केटिंग बोर्ड तथा अन्य सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसानों को कतारों में लगने या तुलाई में विलंब जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। साथ ही खरीदी गई फसल की समय पर लिफ्टिंग की जाएए जिससे मंडियों में भीड़भाड़ व अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उन्हें सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान को सुखा कर ही मंडी में लाएं ताकि खरीद व उठान प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम जींद सत्यवान मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम उचाना दलजीत सिंह, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, डीएफएससी राजेश आर्य, डीआरओ राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः जांबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा पूंडरी व ढांड अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद प्रकिया का जायजा लिया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और मंडियों में पारदर्शी व सुचारू खरीद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान में नमी की मात्रा व क्वालिटी को जांचा। साथ ही अनाज मंडी में पीने के पानी, छाया, शौचालय और सीसीटीवी कैमरे जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो और वे निश्चित होकर अपनी फसल बेच सकें। विधायक ने कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया और उसका उठान समय पर और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। गेट पास जारी करने की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों और आढ़तियों की समस्याएं भी सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया। किसानों से अपील की कि वे धान की फसल को पूरी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं।



पूंडरी। हलका के विधायक सतपाल जांबा अनाज मंडी का दौरा करते।



सीवन। चल रही रामलीला में मंच पर अभिनय करते कलाकार।

### रामलीला में अंगद-रावण संवाद का मंचन

**सीवन।** बाबा नारायण दास मंदिर के प्रांगण में श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन में अंगद—रावण संवाद के साथ ही लक्ष्मण की शक्तिवर्द्धक लीलाओं को दर्शकों ने बड़े उत्साह से देखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर सैनी और सरदार गज्जन सिंह ने रिबन काटकर किया। उपस्थित दर्शकों ने प्रस्तुतियों को खूब सराहा। रामलीला में भगवान श्री राम ने अपना दूत बनाकर अंगद को रावण के पास भेजा। रावण द्वारा अंगद का अपमान किए जाने पर अंगद ने साहसपूर्वक रावण के दरबार में अपना पैर रख दिया। रावण के दरबार के योद्धा अंगद के पैर को हटाने की हिम्मत नहीं कर पाए। बाद में जब रावण स्वयं उठकर आया तो अंगद ने दृढ़ता से अपनी बात रखी और रावण को चुनौती दी कि जो व्यवहार वह कर रहा है, वह उचित नहीं है। इसके बाद विभीषण ने रावण को समझाने का प्रयास किया और यह सुझाव दिया कि रावण सीता को सकुशल लौटा दे और श्री राम से वैर न रखे।

### ट्यूबवेल लगाने का कार्य शुरू, नहीं होगा जल संकट

**सीवन।** वार्ड नंबर 12 और इसके आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से खराब पड़ी ट्यूबवेल संख्या 7 के कारण लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड वासियों की इस समस्या को ध्यान में रखते गौशाला सेवा समिति ने जनसेवा की भावना के तहत अपनी जमीन पर नई ट्यूबवेल लगाने की अनुमति दी। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ 27 सितंबर को किया गया था। आज वार्ड पार्षद मनीष कामरा, संजय कंसल और विकास शर्मा ने साइट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली और परियोजना पर संतोष व्यक्त किया। पार्षदों ने बताया कि इस ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण होने के बाद वार्ड नंबर-12 सहित आसपास के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। पार्षदों ने कहा कि यह पहल जनता की भलाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

**कैथल।** सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी उपासना के साथ डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी बीर भान सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर श्रमदान करते पुलिस लाइन परिसर में सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने घास फूस को काटा गया तथा कूड़ा-कचरा एकत्रित कर साफ-सफाई की। एसपी उपासना ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे परिवेश को सुंदर बनाती है बल्कि यह स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। सेवा पखवाड़ा के दौरान ऐसे कार्यक्रमों से समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे कार्यस्थलों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई रखें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।



कैथल। पौधारोपण करती एसपी उपासना। फोटो :हरिभूमि



जींद। जयंती देवी मंदिर में कन्याओं की पूजा करते श्रद्धालु।

### भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** नवरात्र के पावन पर्व के समापन पर नवमी के अवसर पर बुधवार रात को शहर के पौराणिक श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ में भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन, भंडारा, कीर्तन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन देवी की कृपा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि श्री जयंती देवी मंदिर जो महाभारत काल से जुड़ा हुआ प्राचीन सिद्धपीठ है में पांडवों द्वारा स्थापित मानी जाने वाली देवी जयंती (विजय की देवी) की पूजा अर्चना के साथ ही कन्याओं को मां दुर्गा का रूप मान कर भोजन और दान किया गया। हवन कुंड में आहुतियां डालते हुए सभी ने विश्व शांति और समृद्धि की कामना की। कीर्तन में भक्तों ने भजनों के माध्यम से देवी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

### 70 बेटियों को किया सम्मानित

**उचाना।** शहीद रामकला कवमावि में छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। 70 प्रतिभाशाली बेटियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वीतिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 11 हजारए 5100 रुपये एवं 3100 रुपये के नकद इनाम प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि प्रवेश आर्या ने कहा कि यदि बेटियों को अवसर मिले तो वे देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने की क्षमता रखती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ के साथ हुई। राममेहर खटकड़ एवं उनकी धर्मपत्नी संतोष खटकड़ ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। खटकड़ ने कहा कि बेटियां ही बच्चे की पहली गुरु होती हैं। इसलिए उनका शिक्षित होना समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। मुख्य वक्ता स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, चाहे वह शिक्षा का हो या खेल का। सबसे पहले महिला अधिकारों की वकालत महर्षि दयानंद ने की थी। महर्षि दयानंद के विचारों से ही प्रेरित होकर राममेहर खटकड़ समाजसेवी ऐसे पुण्य कार्यों को करते हैं।



उचाना। राजकीय स्कूल में आयोजित छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह।




जींद। जागरूकता के लिए रैली निकालती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग को गांधी जयंती मनाने के लिए स्वच्छोत्सव मनाया गया। उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथान का विषय स्वच्छता में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के बारे में जागरूकता पैदा करना और छात्राओं व समाज में स्वच्छताए स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के मूल्यों को स्थापित करना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन एनसीसी प्रभारी अंजू ने किया। इस कार्यक्रम में 29 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्राओं को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलवाई गई। उसके बाद छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के बाहर आसपास के इलाकों में रैली निकाली और लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और एक हरित कल की जिम्मेदारी लेने के बारे में जागरूकता फैलाई।



नरवाना। रामलीला का मंचन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने किया रामलीला का मंचन

**नरवाना।** किड्स मैलोडी प्ले स्कूल में छोटे.छोटे बच्चों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया गया। बच्चों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सुंदर मंचन प्रस्तुत किया। पात्रों का अभिनय भी विद्यार्थियों ने बखूबी किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। बच्चों ने न केवल रामायण के प्रसंगों को अभिनय के माध्यम से दिखाया व प्रस्तुति में सत्य, धर्म, कर्तव्य, भाईचारा, त्याग और आदर्श जीवन जीने के संदेश को विशेष रूप से उजागर किया गया। राजेश गोयल ने बताया कि इस प्रकार की सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियां बच्चों में अच्छे गुण और संस्कार विकसित करती हैं। गोयल ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और धर्म का मार्ग कभी नहीं छोडना चाहिए। उपस्थित अध्यापकों और विद्यार्थियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की तथा कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोडने के साथ-साथ उन्हें जीवन के आदर्श मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा भी देते हैं।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मनः मोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

भारतीय योग संस्थान के 59वें योग दिवस पर वीरवार को जाट धर्मशाला पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जाट धर्मशाला के नवनिर्वाचित प्रधान फूलकुमार मोर मुख्य अतिथि रहे। जबकि इसकी अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान हरदीप सांगवान ने की। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के जींद शहर में अलग-अलग जगह पर चलने वाले शिविरों में भाग लेने वाले योग शिक्षकों के अलावा आसपास के लोगों ने भाग लिया। इसमें योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते जाट धर्मशाला के प्रधान फूल कुमार मोर ने कहा कि योग जीवन जीने का एक तरीका है। कहा कि आज युवा जिम की तरफ ज्यादा रुझान हो रहा है लेकिन उनको जिम की बजाए योग की तरफ लाने की जरूरत है। भारतीय योग संस्थान के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि युवाओं योग के प्रति रुचि पैदा करने के लिए उनकी तरफ से भी पूर्ण सहयोग रहेगा। अध्यक्षता करते भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान हरदीप सांगवान ने कहा कि योग मनुष्य को केवल शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ्य नहीं बनाता बल्कि यह सामाजिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करता है।



जींद। योग शिविर को संबोधित करते फूल कुमार मोर। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अहिंसा के पुजारी थे राष्ट्रपिता : अर्जुन

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना द्वारा विजयादशमी का पावन पर्व, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिसमें संस्था के प्रधान अर्जुन गोयल ने बताया कि संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री दोनों ने ही महापुरुषों ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जॉनी सिंगला ने बताया कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। आज दोनों महापुरुषों को याद करके उनके द्वारा समाज में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। महात्मा गांधी ने आने वाली पीढ़ी को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। उनके अतुल्य योगदान को पूरा भारतवर्ष भुला नहीं सकता। इस अवसर पर दिव्यांशु गर्ग, अशोक गोयल, सूर्या जादूगर, पवन सिंगला ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### न्यू लिटल स्टार पब्लिक स्कूल कसान में प्रतियोगिता का आयोजन

# ड्राइंग प्रतियोगिता में रिया ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

न्यू लिटल स्टार पब्लिक स्कूल कसान में मेरा युवा भारत कैथल की ओर से जिला युवा अधिकारी मोहित नैहरा के निर्देशानुसार स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने गांधी जयंती मनाई। विद्यालय में गांधी जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। उनके शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत गांधी के चित्र पर औपचारिक माला चढ़ाने के साथ हुई। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। महात्मा गांधी के जीवन और शिक्षाओं पर भाषण साझा किए,भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और शांतिपूर्ण और एकजुट दुनिया के लिए उनके दृष्टिकोण पर जोर दिया। इसके साथ साथ विद्यालय में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान रिया द्वितीय तनी व तीसरे स्थान पर किरन रही।इस दौरान प्रिंसिपल नन्द लाल ने व स्वयंसेविका गुरुप्रीत कौर ने बच्चों को सम्मानित किया।इस मौके पर अध्यापिका डिम्पल ने कहा कि गांधी जी का मानना था, आप वो बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।उनकी यही सोच आज भी हमें प्रेरणा देती है कि हम अपने जीवन में सच्चाई, स्वच्छता और प्रेम को अपनाएं। उन्होंने छुआछूत, भेदभाव और अशिक्षा के विरुद्ध लम्बे समय तक संघर्ष किया और समाज में समानता का सपना देखा।गांधीजी ने स्वदेशी, स्वावलंबन, और खुद पर विश्वास रखना सिखाया।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

वर्तमान समय में दुनिया जब हिंसा और असहिष्णुता से जूझ रही है, तब गांधी जी की सोच और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र ने भी 2 अक्टूबर को 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में घोषित किया है ताकि गांधीजी के आदर्शों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिले। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापक नन्द लाल, अध्यापिका डिम्पल, कोमल और अंग्रेज सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



नरवाना। पथ संचलन में भाग लेते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### संघ स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाया

**नरवाना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नरवाना नगर के केशव उपनगर इकाई के स्वयंसेवकों ने वीरवार को संघ स्थापना का शताब्दी वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। सबसे पहले शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रहा। उसके बाद मुख्य वक्ता के रूप में रोहतक विभाग के सह विभाग संघचालक घनश्याम ने कार्यक्रम में आए सभी स्वयंसेवकों को व समाज के अन्य बंधुओं को संबोधित करते हुए संघ की कार्य पद्धति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामायण में भगवान राम ने किसी भी क्षेत्र में विजय कारक भौतिक शक्ति नहीं बल्कि व्यक्ति और समाज के गुणों एवं चरित्र को माना है। संघ भी उन्ही गुणों का व्यक्ति एवं समाज में विकास करने के लिए भगवान राम के कार्य में ही लगा हुआ है ताकि रावण जैसी कोई भी आसुरी शक्ति समाज पर अत्याचार न कर पाए। संघ का उद्देश्य केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व भर में रामराज्य की स्थापना करना है।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद महिलाओं को ट्रस्ट ने बांटे गेहूं के चेक

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट ने नरवाना रोड पर ट्रस्ट के 29वें वर्ष के वार्षिक अन्न वितरण समारोह का आयोजन गुरूवार को किया। समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका की देखरेख में संस्था के प्रधान राहुल शर्मा ने की। जबकि बतौर मुख्यअतिथि लज्जाराम आश्रम पिंडारा के महंत राजेश स्वरूप शास्त्री व अति वशिष्ठ अतिथि वजीर सिंह ढांडा मौजूद रहे।

### सांसद जयप्रकाश आज उचाना में

**उचाना।** तीन अक्टूबर को हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह उचाना पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि महीने के पहले शुक्रवार को सांसद उचाना के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं हलके के लोगों से रूबरू होते है। पीआर धान की खरीद का जायजा भी वो लेंगे।

### विधायक ने परिवार सहित किए माता भ्रामरी के दर्शन

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने परिवार सहित देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पहुंच माता के दर्शन कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि माता की पूजा करने से मनोवांछित फल मिलता है। नवरात्र में माता की पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि की कामना की। माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर से श्रद्धालु पहुंचते है।

### पिंटू महादेव के खिलाफ दी पुलिस को शिकायत

**उचाना।** युवा कांग्रेस हलकाध्यक्ष संदीप वर्मा ने थाना पुलिस को भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव के खिलाफ मामला दर्ज को लेकर शिकायत दी। वर्मा ने कहा कि पिंटू महादेव के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। पिंटू महादेव ने टीवी चैनल में डिबेट के दौरान कहा था कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सीने में गोली मार दी जाएगी। ये धमकी सार्वजनिक रूप से दी गई है। ऐसे में पुलिस को पिंटू महादेव के खिलाफ केस दर्ज को लेकर शिकायत दी।

### महान नेताओं के जीवन दर्शन को किया याद

**जींद।** भिवानी रोड पर शाइनिंग स्टार्स प्ले स्कूल जींद में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी और शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके किया गया। बच्चों ने भाषण, कविताएं और लघु नाटिका प्रस्तुत कर दोनों महान नेताओं के जीवन दर्शन को याद किया।

### विद्यार्थियों ने बनाई रावण की आकृति

**राजौंद।** राजकीय माडल सांस्कृतिक प्राथमिक विद्यालय सौंगल में दशहरे के उपलक्ष में पांचवी कक्षा के बच्चों द्वारा अनेक आकृतियां बनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से रावण का पुतला बनाया गया। पांचवी कक्षा के बच्चों द्वारा जिसमें अवनी लवप्रीत नवप्रीत सलोनी द्वारा वेस्ट पेपर का पुतला बनाया गया। बच्चों को दशहरे के महत्व को बताया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में जुटे हजारों कार्यकर्ता

# विजयदशमी उत्सव के दौरान स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन और पथ संचलन किया

**पहले शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने असुरों पर विजय प्राप्त की थी**

**संयम और अनुशासन के बिना संगठन संभव नही**


जींद। शहर के सैक्टर आठ में आयोजित कार्यक्रम में शस्त्र पूजन करते मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम के दौरान भगवा ध्वज लगाते स्वयंसेवक।


जींद। खरल मंडल में आयोजित कार्यक्रम में शस्त्र पूजन करते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रोहतक विभाग बौद्धिक प्रमुख घनश्याम ने कहा कि विजयदशमी उत्सव दैवीय शक्तियों का आसुरी शक्तियों पर न्याय का अन्याय पर विजय स्वरूप मनाये जाने वाला उत्सव है। इसी के साथ नौ दिन तक देवी के विभिन्न रूपों की शक्तियों और गुणों की पूजा व साधना शुरु होती है। इस साधना और तप द्वारा अपने अंदर की शक्तियों और गुणों के विकास का सभी प्रयास करते हैं। त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने रावण जैसे महापराक्रमी को परास्त कर धर्म राज्य की स्थापना की थी। उससे पहले शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने असुरों पर विजय प्राप्त की थी। इसलिए यह पर्व नारी शक्ति की उपासना का भी प्रतीक है। संघ वर्षभर में कुल छह उत्सव मनाता है। उनमें से विजयदशमी उत्सव भी एक है। क्योंकि विजयदशमी संघ स्थापना का दिवस भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रोहतक विभाग बौद्धिक प्रमुख घनश्याम बतौर मुख्य वक्ता स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। वह गुरूवार को शहर के सैक्टर 8 स्थित बड़ा पार्क में केशव शाखा में आयोजित विजयदशमी उत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर कार्यक्रम में शिक्षाविद रमेश चहल ने बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। जींद जिला संघचालक तिलकराज भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया। इसके बाद शहर में पथ संचलन भी निकाला। मुख्य वक्ता घनश्याम ने कहा कि संयम और अनुशासन के बिना संगठन संभव नहीं है।

### जयंती देवी मंदिर में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहर के जयंती देवी मंदिर में भी शस्त्र पूजन व पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कर अधिवक्ता एवं प्रांत सामाजिक सद्भावना टोली सदस्य रामकुमार मित्तल ने बतौर मुख्या वक्ता शिरकत की। शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन निकाला।

### आपदा में संघ हमेशा तत्पर्य

चाहे रामसेतु को बचाने के लिए आंदोलन हो, राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन हो या समय-समय पर अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य हो हर जगह संघ के स्वयंसेवक हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े मिलते हैं। मुख्यातिथि शिक्षाविद् रमेश चहल ने कहा कि विश्व में संघ की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है। संघ द्वारा सामाजिक समरसताए कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व के भाव का जागरण, नागरिक शिष्टाचार ये जो पंच परिवर्तन के विषय शुरु किए गए हैं यह बहुत ही सरहनीय कार्य है। क्योंकि पंच परिवर्तन के माध्यम से ही देश में बहुत बड़ा बदलाव होगा। देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारत फिर से विश्व गुरु बन दुनिया का मार्गदर्शन करने का काम करेगा।

# कैथल में स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन


कैथल। जाट स्कूल में पथ संचलन करते स्वयं सेवक तथा भाजपा नेता अमरजीत छाबड़ा अपने पुत्र व पोतों के साथ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में भाग लेते हुए।



**कैथल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आदर्श उपनगर कैथल द्वारा विजयदशमी के उत्सव पर जाट महाविद्यालय कैथल प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में हिस्सा लिया। सर्वप्रथम शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र के प्रचारक जतिन ने स्वयंसेवकों को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन किया। उत्तर क्षेत्र के प्रचारक जतिन ने स्वयंसेवकों को संघ के आदर्शों और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से संघ अपने उद्देश्यों और आदर्शों को समाज में प्रसारित करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा संघ देश का शाश्वत विचार है और लाखों स्वयंसेवक इसे पूर्ण करने में लगे हैं। संघ देश के लिए जीने वाले राष्ट्रीय चरित्रवान नागरिक तैयार कर रहा है। संघ समाज के हर वर्ग के लिए सेवा कार्य कर रहा है ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी उत्थान हो। संघ हिंदुत्व का विचार लेकर चल रहा है। हिंदुत्व एक जीवन जीने की पद्धति है। संघ ने हिंदुत्व का जागरण किया है। आज सभी गर्व से कहते हैं कि हम हिन्दू संघ ने समय समय पर आजादी के आंदोलनों, प्राकृतिक आपदा, कोई दुर्घटना, लोकमत परिष्कार व समाजहित में अनेक आन्दोलनों में अपना योगदान दिया है। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ समाज में पंच परिवर्तन जोकि सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेगा। भारत का नाम आज अग्रणी देशों में आता है और वो दिन दूर नहीं जब हम भारत को परमवैभव पर ले जाएंगे। अब भारत डरने वाला देश नहीं। पूरी दुनिया भारत की प्रमुखता को स्वीकार रही है। संघ के कार्यकर्ता शताब्दी वर्ष के तहत व्यापक गृह संपर्क करेंगे और हर घर में साहित्य उपलब्ध कराएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक संघ की विचारधारा पहुंच सके।

# उचाना में पीआर धान की खरीद शुरू, भाजपा नेत्री ने जायजा लिया

**किसानों को फसल खरीद में कोई दिक्कत आने नहीं दिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। पीआर धान खरीद का जायजा लेते हुए भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।

पीआर धान की खरीद का जायजा लेने के लिए विधायक देवेंद्र अत्री की पत्नी सुषमा अत्री हाइवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी पहुंची। एसडीएम दलजीत सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग भी साथ में मौजूद रहे। आढ़तियों, किसानों से खरीद को लेकर भाजपा नेत्री ने जानकारी ली। सुषमा अत्री ने कहा कि किसानए आढ़तियों को किसी सूरत में खरीद को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

खरीद को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए है। सरकार द्वारा हर मंडी में खरीद को लेकर एचसीएच अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसान को अपनी फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। सरकारी मापदंड पर खरी उतरने वाली फसल को तुरंत प्रभाव से मंडी में आते खरीदा जा रहा है। बारदान को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



## महाप्रबंधक से मिले रोडवेज कर्मचारी, बताई समस्याएं

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कैथल डिपो की मीटिंग - कर्मचारियों की समस्याओं को हल करवाने के बारे में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता अमित कुमार डिपो प्रधान ने और संचालन डिपो सचिव कृष्ण गुलियाना ने किया। मीटिंग में कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। पूर्व राज्य प्रधान इन्द्र सिंह बधाना ने कहा कि डिपो के कर्मचारियों की समस्याओं का हल महाप्रबंधक जी से मिलकर किया जाना चाहिए। महाप्रबंधक ने कर्मचारियों की समस्याओं का हल तुरन्त प्रभाव से कर देना चाहिए। अमित कुमार ने कहा कि सभी कर्मचारियों से उनके पद से संबंधित कार्य लिया जाए यदि उनसे अलग कार्य लिया जाना है तो बिना भेदभाव के वरिष्ठता, अपंगता किसी बीमारी व योग्यता के आधार पर लिया जाए। वर्ष 2018 में लगे कर्मचारियों का 18 दिन की हड़ताल का वेतन दिया जाए।

कृष्ण गुलियाना ने कहा कि कौशल रोजगार में लगे कर्मचारियों का वेतन हर महीने की 7 तारीख तक दिया जाए। कौशल रोजगार के तहत लगे कर्मचारियों का दिसम्बर 2023 का और नवम्बर , दिसम्बर 2024 से अब तक का ओवर टाइम दिया जाए। ड्यूटी सैक्शन द्वारा बनाई गई रोटेशनों में सुधार किया जाए।

# विश्वभर में अनुव्रत गीत महासंगान का आयोजन

- अनुव्रत गीत महासंगान का डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। अनुव्रत गीत महासंगान का शुभारंभ करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

अनुव्रत विश्वभारती सोसायटी द्वारा आयोजित किए गए अनुव्रत गीत महासंगान के तहत पूरे विश्व में इस आयोजन का संचालन किया गया। जिले में में भी कई स्कूलों और अस्पतालों में यह आयोजन हुआ। अनुव्रत समिति जींद के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि इसका शुभारंभ डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने किया। इंडस पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल, एसपीएम पब्लिक स्कूल, अग्रसेन स्कूल, सुप्रीम स्कूल, लॉर्ड शिवा स्कूल, गीता विद्या मंदिर स्कूल और उचाना के अन्य संस्थानों में भी इसका आयोजन किया गया। मिनाक्षी जैन अस्पतालख दिशा मिशन अस्पताल आदि में भी यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जैन ने बताया कि अनुव्रत गीत महासंगान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नैतिकता, सद्भावना और नशामुक्ति की ओर प्रेरित करना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बादए जब देश में भ्रष्टाचार व्याप्त था और लोगों का नैतिक पतन हो रहा था, तब जैन तेरापंथ के नवम आचार्य तुलसी जी ने अनुव्रत आंदोलन की शुरुआत की।

# कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरुष वर्ग में आरजीएम उचाना बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरुष प्रतियोगिता में विजेता टीम।

कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरूष वर्ग में आरजीएम उचाना चैंपियन बना। ये प्रतियोगिता 29, 30 सितंबर को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की अंतर महाविद्यालय कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरुष वर्ग का आयोजन ग्रीन वैली कॉलेज शाहपुर में आयोजित हुई। सीनियर लेक्चरर डा. राजेश श्योकंद ने बताया कि प्रतियोगिता में सीआरएसयू विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले आठ महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सभी मुकाबला बड़े जबरदस्त रहे। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना की टीम ने अपना पहला मुकाबला गवर्नमेंट कॉलेज जुलाना के विरुद्ध खेलते हुए एक तरफा आठ के मुकाबले 29 अंकों से जीता। श्योकंद ने बताया कि आरजीएम उचाना की टीम का सेमीफाइनल मुकाबला ग्रीन वैली कॉलेज शाहपुर से हुआ जो कड़ी टक्कर में राजीव गांधी महाविद्यालय की टीम ने टाई ब्रेकर में तीन के मुकाबले सात अंकों से जीता।

### उज्जवल भविष्य की कामना

प्राचार्य डा. रणवीर कौशल ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर रखा सामान हटवाया

**कैथल।** सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने छात्रावास रोड, कबूतर चौक, भगत सिंह चौक, रेलवे गेट तथा चंदाना गेट कैथल क्षेत्र में दुकानदारों को सड़क पर दुकान के बाहर सामान न रखने के संबंध में जागरूक किया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने दुकानों के बाहर रखे गए सामान को उठाकर दुकानदारों से उसे दुकान के अंदर रखने के लिए कहा तथा भविष्य में सड़क पर कोई भी अवैध रूप से सामान न रखने की हिदायत दी।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

- सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। सफाई अभियान में भाग लेते हुए।

गांधी जयंती के अवसर पर गुरूवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में और वन मंडल अधिकारी पवन कुमार ग्रोवर के निर्देशानुसार जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सफाई अभियान और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों की साफ.-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। वन मंडल अधिकारी पवन कुमार ग्रोवर ने इस अवसर पर आमजन से अपील की है कि वे न तो स्वयं गंदगी फैलाएं और न ही किसी को फैलाने दें। उन्होंने लोगों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने का आमंत्रण दिया और प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि वे कम से कम पांच अन्य लोगों को भी इस पहल से जोड़ें। इस मौके पर वन मंडल के अधिकारियों और सफाई मित्रों ने मिल कर बीड़ बड़ा वन परिसर की साफ सफाई की गई।

# जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

भाजपा द्वारा चलाये गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आर्या कन्या स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सह संयोजक अक्षरा गुप्ता एवं कमलजीत कौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर अपनी प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए रंगों के माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में सान्या ने प्रथम, रावी व मधु ने द्वितीय तथा बंटी, मनोज और आंशिक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रतियोगिता में सान्या ने प्रथम

इसके उपरांत भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने विजेता बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि "सेवा पखवाड़ा समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और देशभक्ति की भावना प्रबल होती है।" उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सही दिशा देना ही भविष्य निर्माण की सच्ची सेवा है। इस अवसर पर जिला महमन्त्री भाजपा सुरेश संधू ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "बच्चों में असीम संभावनाएं छिपी होती हैं। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

## दोनों महान विभूतियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: रिषिपाल

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी और शास्त्री को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए रिषिपाल हैबतपुर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जींद कोर्ट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों महान नेताओं के जीवन और उनके आदर्शों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।अपने संबोधन में कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री भारतीय इतिहास की ऐसी दो महान विभूतियां हैं, जिन्होंने अपने जीवन को सादगी, त्याग और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलते हुए देश को आजादी दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने अपने प्रधानमंत्री काल में जय जवान-जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। दोनों महान विभूतियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### सम्मानित किया गया

*इस मौके पर सोनीपत लोकसभा सांसद प्रतिनिधि मास्टर वजीर गांगोली, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, प्रदेश प्रवक्ता जगबीर सिंह ढिगाना, कमल चौहान, सुरेश देव कौशिक, दिनेश डाहोला, पवन गर्ग, महावीर कम्प्यूटर, सारंग शमशेर ढाठरथ, दीपक पिंडारा, दिनेश डाहौला, अमनदीप बेलरखां, राजू लखीना समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं गांधी एवं शास्त्री जयंती के उपलक्ष पर कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने पुष्पमाला, खादी वस्त्र, शॉल एवं चद्दर भेंट सम्मानित किया।*